श्री शिव चालीसा

Shri Shiv Chalisa

Source: Internet Archive — Shivstuti Chalisa, Naval Kishore Press, Lucknow (undated, before about 1950), scan leaves 2–21: the complete hymn in an older version (comparison witness). Also compared: Internet Archive — Shiv Chalisa, Gita Press scan (public-domain comparison); Internet Archive — Shiv Chalisa, Tej Kumar Book Depot scan (CC0 comparison); Sanskrit Documents — Shiva Chalisa (research comparison only).

OPENING DOHA 1

जय गणेश गिरिजासुवन, मंगल मूल सुजान।
कहत अयोध्यादास तुम, देउ अभय वरदान॥

Jai Ganesh Girijasuvan, Mangal Mool Sujan |
Kahat Ayodhyadas Tum, Deu Abhaya Vardan ||

CHAUPAI 1

जय गिरिजापति दीनदयाला। सदा करत सन्तन प्रतिपाला॥
भाल चन्द्रमा सोहत नीके। कानन कुण्डल नागफनी के॥
अंग गौर शिर गंग बहाये। मुण्डमाल तन क्षार लगाये॥
वस्त्र खाल बाघम्बर सोहे। छवि को देखि नाग मन मोहे॥

Jai Girijapati Deendayala | Sada Karat Santan Pratipala ||
Bhal Chandrama Sohat Neeke | Kanan Kundal Nagphani Ke ||
Ang Gaur Shir Gang Bahaye | Mundamal Tan Kshar Lagaye ||
Vastra Khal Baghambar Sohe | Chhavi Ko Dekhi Nag Man Mohe ||

CHAUPAI 2

मैना मातु की हवे दुलारी। वाम अंग सोहत छवि न्यारी॥
कर त्रिशूल सोहत छवि भारी। करत सदा शत्रुन क्षयकारी॥
नन्दी गणेश सोहैं तहँ कैसे। सागर मध्य कमल हैं जैसे॥
कार्तिक श्याम और गणराऊ। या छवि कौ कहि जात न काऊ॥

Maina Matu Ki Have Dulari | Vam Ang Sohat Chhavi Nyari ||
Kar Trishul Sohat Chhavi Bhari | Karat Sada Shatrun Kshayakari ||
Nandi Ganesh Sohain Tahan Kaise | Sagar Madhya Kamal Hain Jaise ||
Kartik Shyam Aur Ganarau | Ya Chhavi Kau Kahi Jat Na Kau ||

CHAUPAI 3

देवन जबहीं जाय पुकारा। तबहिं दुःख प्रभु आप निवारा॥
किया उपद्रव तारक भारी। देवन सब मिलि तुमहिं जुहारी॥
तुरत षडानन आप पठायौ। लव निमेष महँ मारि गिरायौ॥
आप जलन्धर असुर संहारा। सुयश तुम्हार विदित संसारा॥

Devan Jabahin Jaya Pukara | Tabahin Dukh Prabhu Aap Nivara ||
Kiya Upadrav Tarak Bhari | Devan Sab Mili Tumahin Juhari ||
Turat Shadanana Aap Pathayau | Lava Nimesha Mahan Mari Girayau ||
Aap Jalandhar Asur Samhara | Suyash Tumhar Vidit Sansara ||

CHAUPAI 4

त्रिपुरासुर सन युद्ध मचाई। तबहिं कृपा कर लीन बचाई॥
किया तपहिं भागीरथ भारी। पुरब प्रतिज्ञा तासु पुरारी॥
दानिन महँ तुम सम कोउ नाहीं। सेवक स्तुति करत सदाहीं॥
वेद माहि महिमा तुम गाई। अकथ अनादि भेद नहीं पाई॥

Tripurasur San Yuddha Machai | Tabahin Kripa Kar Leen Bachai ||
Kiya Tapahin Bhagirath Bhari | Purab Pratigya Tasu Purari ||
Danin Mahan Tum Sam Kou Nahin | Sevak Stuti Karat Sadahin ||
Veda Mahi Mahima Tum Gai | Akath Anadi Bheda Nahin Pai ||

CHAUPAI 5

प्रकटे उदधि मन्थन में ज्वाला। जरत सुरासुर भए विहाला॥
कीन्ह दया तहँ करी सहाई। नीलकण्ठ तब नाम कहाई॥
पूजन रामचन्द्र जब कीन्हा। जीत के लंक विभीषण दीन्हा॥
सहस कमल में हो रहे धारी। कीन्ह परीक्षा तबहिं त्रिपुरारी॥

Prakate Udadhi Manthan Mein Jvala | Jarat Surasur Bhaye Vihala ||
Keenha Daya Tahan Kari Sahai | Neelakantha Tab Naam Kahai ||
Poojan Ramachandra Jab Keenha | Jeet Ke Lanka Vibhishan Deenha ||
Sahas Kamal Mein Ho Rahe Dhari | Keenha Pariksha Tabahin Tripurari ||

CHAUPAI 6

एक कमल प्रभु राखेउ जोई। कमल नयन पूजन चहँ सोई॥
कठिन भक्ति देखी प्रभु शंकर। भए प्रसन्न दिए इच्छित वर॥
जय जय जय अनन्त अविनाशी। करत कृपा सबके घटवासी॥
दुष्ट सकल नित मोहि सतावैं। भ्रमत रहौं मोहे चैन न आवैं॥

Ek Kamal Prabhu Rakheu Joi | Kamal Nayan Poojan Chahan Soi ||
Kathin Bhakti Dekhi Prabhu Shankar | Bhaye Prasanna Diye Ichchhit Var ||
Jai Jai Jai Ananta Avinashi | Karat Kripa Sabake Ghatavasi ||
Dushta Sakal Nit Mohi Satavain | Bhramat Rahun Mohe Chaina Na Avain ||

CHAUPAI 7

त्राहि त्राहि मैं नाथ पुकारो। यह अवसर मोहि आन उबारो॥
ले त्रिशूल शत्रुन को मारो। संकट से मोहिं आन उबारो॥
मात पिता भ्राता सब कोई। संकट में पूछत नहिं कोई॥
स्वामी एक है आस तुम्हारी। आय हरहु मम संकट भारी॥

Trahi Trahi Main Nath Pukaro | Yah Avasar Mohi Aan Ubaro ||
Le Trishul Shatrun Ko Maro | Sankat Se Mohin Aan Ubaro ||
Mata Pita Bhrata Sab Koi | Sankat Mein Poochhat Nahin Koi ||
Swami Ek Hai Aas Tumhari | Aaya Harahu Mama Sankat Bhari ||

CHAUPAI 8

धन निर्धन को देत सदा ही। जो कोई जाँचै सो फल पाहीं॥
अस्तुति केहि विधि करौं तुम्हारी। क्षमहु नाथ अब चूक हमारी॥
शंकर हो संकट के नाशन। मंगल कारण विघ्न विनाशन॥
योगी यति मुनि ध्यान लगावैं। शारद नारद शीश नवावैं॥

Dhan Nirdhan Ko Det Sada Hi | Jo Koi Janche So Phal Pahin ||
Astuti Kehi Vidhi Karau Tumhari | Kshamahu Nath Ab Chook Hamari ||
Shankar Ho Sankat Ke Nashan | Mangal Karan Vighna Vinashan ||
Yogi Yati Muni Dhyan Lagavain | Sharad Narad Sheesh Navavain ||

CHAUPAI 9

नमो नमो जय नमः शिवाय। सुर ब्रह्मादिक पार न पाय॥
जो यह पाठ करे मन लाई। ता पर होत हैं शम्भु सहाई॥
ऋणियाँ जो कोई हो अधिकारी। पाठ करे सो पावन हारी॥
पुत्र होन की इच्छा जोई। निश्चय शिव प्रसाद तेहि होई॥

Namo Namo Jai Namah Shivaya | Sur Brahmadik Par Na Paya ||
Jo Yah Path Kare Man Lai | Ta Par Hot Hain Shambhu Sahai ||
Riniyan Jo Koi Ho Adhikari | Path Kare So Pavan Hari ||
Putra Hon Ki Ichchha Joi | Nishchaya Shiva Prasad Tehi Hoi ||

CHAUPAI 10

पण्डित त्रयोदशी को लावे। ध्यानपूर्वक होम करावे॥
त्रयोदशी व्रत करै हमेशा। तन नहिं ताके रहै कलेशा॥
धूप दीप नैवेद्य चढ़ावे। शंकर सम्मुख पाठ सुनावे॥
जन्म जन्म के पाप नसावे। अन्त धाम शिवपुर में पावे॥

Pandit Trayodashi Ko Lave | Dhyanapoorvak Homa Karave ||
Trayodashi Vrata Karai Hamesha | Tan Nahin Take Rahai Kalesha ||
Dhoop Deep Naivedya Chadhave | Shankar Sammukh Path Sunave ||
Janma Janma Ke Paap Nasave | Anta Dham Shivapur Mein Pave ||

CLOSING DOHA 1

कहैं अयोध्यादास आस तुम्हारी।
जानि सकल दुःख हरहु हमारी॥

Kahain Ayodhyadas Aas Tumhari |
Jani Sakal Dukh Harahu Hamari ||

CLOSING DOHA 2

नित नेम उठि प्रातःही, पाठ करो चालीस।
तुम मेरी मनकामना, पूर्ण करो जगदीश॥

Nit Nem Uthi Pratahi, Path Karo Chalis |
Tum Meri Manakamana, Poorna Karo Jagadish ||